हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



RERA No. : PCGRERA140825001957

## NEEL SAGAR

A BUSINESS CORRIDOR

## बप्पा के आशीर्वाद से सजेगा व्यापार, NEEL SAGAR में होगा समृद्धि का विस्तार

आज के समय में सही लोकेशन और सही वातावरण ही व्यवसाय की सबसे बड़ी ताक़त है.
बप्पा के आशीर्वाद से Neel Sagar के आस-पास हैं, Hospitals, Schools, Banks, Malls, Hotels आदि.
यानि ये एक ऐसा व्यवसायिक केंद्र होगा, जो करेगा आपके व्यापार की समृद्धि का विस्तार।

### Site & Floor Plan:

- Basement + Upper Basement (for parking)
- Ground Floor (best for retail businesses)
- First & Second Floors (ideal for retail and wholesale businesses)
- Third Floor (Terrace) – Perfect for restaurants, fine dining & multipurpose use
- Multiple lifts (6'×6' and 8'×8')

### Core Amenities:

- Wi-Fi Zone on Terrace
- CCTV in common areas & parking
- Diesel generator backup (at passege areas and parking)
- 24×7 water supply
- Toilets on each floor
- Fire extinguishers on every floor



### Specifications:


- RCC framed structure
- Internal walls – Plastic emulsion finish
- External walls – Weather coat paint
- Tiles in common areas
- Granite staircases

### Electricals:

- Concealed wiring of ISI standard
- Adequate modular switches
- Provision of A/C wiring in every shop
- Separate transformer as per CSEB norms

A Project by:
Sagar Infrastructure
Kabbeer Prashant Chadha

Architect:
AR. S.K. Shukla
Shukla & Associates
M.: +91 98931 27733



ONE OF THE LARGEST Commercial Complexes in the Region

Concept & Design @ AdPRAYAS

Contact for Booking
+91 97531 40004

कार्यालयः सागर गोल्डन स्क्वायर, मंगला चौक, मुंगेली रोड, बिलासपुर
+91 97531 40004

Member of CREDAI BILASPUR

For more information scan this QR code

## खबर संक्षेप

### छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहा युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लाइवलीहुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहे युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को लाइवली हुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में एक अज्ञात युवक घुसकर पंखा और एल्युमिनियम फ्रेम निकालकर ले जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान छात्रावास के लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस को इसकी सूचना दी। इस मामले में पुलिस सत्तीपारा कर्बला के समीप रहने वाले 23 वर्षीय अभिषेक सोनी उर्फ छोटू आ. जवाहर सोनी को लाइवली हुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी अकरम खान की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए), 62 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, मुक्ति कुजूर, आरक्षक रमन मण्डल, जानकी राजवाड़े, संजय कुजूर सक्रिय रहे।

### फर्जी अंकसूची लगाकर हासिल कर ली आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी

**शंकरगढ़।** आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में महिलाओं द्वारा 8वीं की फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी हासिल करने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी क्षेत्र के शंकरगढ़ अनुभाग में वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की गई थी। सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत एक महिला ने कलेक्टर से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे। प्रभारी परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में इस मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आंगनबाड़ी बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली, डूमरपानी बेलकोना में चयनित सहायिकाओं द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची तैयार की गई और फर्जी अंकसूची के आधार पर ही उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 338, 336(3) ,340(2), 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद फर्जी अंकसूची बनाकर नौकरी हासिल करने वाली महिला आरोपी जारगेम निवासी 29 वर्षीया अरमाना पति शमशेर आलम, महुआडीह निवासी 33 वर्षीय रिजवाना पति अमरुद्दीन, कोठली निवासी 27 वर्षीया प्रियंका यादव पति आशीष यादव व बेलकोना निवासी 26 वर्षीया सुशीला सिंह पति उमा शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी महिलाओं से फर्जी अंकसूची बरामद की गयी है । एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि महिलाओं ने फर्जी अंकसूची कहां से हासिल की। इसके साथ ही इस मामले में अन्य फरार चल रहे आरोपियों की तलाश भी जारी है।

### भुगतान नहीं होने से भड़के गन्ना किसान, निकले तालाबंदी करने

**प्रतापपुर।** लंबित बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने करोड़ों रुपए के भुगतान की मांग को लेकर कारखाना के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कारखाना में तालाबंदी करने के लिए निकल पड़े। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने 15 दिनों में भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों का आन्दोलन समाप्त हुआ। बता दें कि मां महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान लंबित है। भुगतान लंबित होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि किसानों ने शक्कर कारखाने के सामने प्रदर्शन और कारखाना में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। सोमवार को जिपं सदस्य सुरेश आयाम के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान शक्कर कारखाना का घेराव करने पहुंचे थे। किसानों के इस प्रदर्शन को पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का भी समर्थन मिला और वे भी आन्दोलन में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि भुगतान न होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। गन्ना किसानों को परेशान किया जा रहा है। इस दौरान जिपं सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि जब तक गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया जाता है उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान किसानों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस व प्रशासन ने आन्दोलन के मद्देनजर बेरीकेट्स व अन्य सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे। प्रदर्शनकारी धरना के बाद कारखाना में तालाबंदी के लिए रैली के रूप में निकल पड़े जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ललिता भगत ने 15 दिनों में प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया। इस दौरान किसानों ने ज्ञापन सौंपकर भुगतान कराए जाने की मांग की। इस दौरान पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सिंह, संजीव श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह, पंकज तिवारी, नवीन जायसवाल, सुरेश चक्रधारी सहित अन्य मौजूद थे।

### कार्यप्रक्रिया का किया सरलीकरण, कार्यों को दी गई गति

# आयुक्त ने अपने अधिकारों का विकेन्द्रीकरण कर जोन कार्यालयों को बनाया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम में सुशासन की मजबूती की ओर कदम बढ़ाते हुए अधिकारों का विकेन्द्रीकरण कर निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों को सशक्त, सक्षम व प्रभावी बनाया गया है, जोन कार्यालयों की प्रासांगिकता बढ़ी है, वहीं निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित विभिन्न विभागों के कार्यो में तेजी आई है व कार्यप्रक्रिया सरलीकृत एवं तीव्रगामी हुई है। इसका प्रमुख कारण है कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एक ओर जहाँ अपने जोन स्तर के अधिकार जोन कमिश्नरों को विकेन्द्रित किया, वहीं दूसरी ओर निगम के विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारियों को अपने निगम आयुक्त के अधिकार प्रत्यायोजित कर विभागों की कार्यप्रक्रिया में गति लाई है, इससे आमजन की समस्याओं के त्वरित निदान का मार्ग प्रशस्त हुआ है, उनकी मुश्किले आसान हुई हैं।

विगत 8-10 माह की अल्प समयावधि में नगर पालिक निगम की कार्यप्रणाली में काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, एक ओर जहाँ निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित विभागों के कार्यो में गति आई है, वहीं दूसरी ओर अब जोन कार्यालय अधिक सशक्त होकर सक्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं।


आशुतोष पाण्डेय

निगम का मैदानी अमला भी रिचार्ज हुआ है तथा उसकी कार्यशैली बदली-बदली नजर आ रही है, मैदानी अमले में उत्साह का संचार हुआ है तथा वे ज्यादा ऊर्जा के साथ कार्य करते नजर आ रहे हैं और इन सबके पीछे है निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट कार्यशैली। अपनी सकारात्मकता व ऊर्जाशीलता की विशिष्ट पहचान रखने वाले आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुशासन की मजबूती की ओर कदम बढ़ाते हुए अपने निगम आयुक्त के अधिकारों का विकेन्द्रीकरण कर एक ओर जहाँ निगम के जोन कार्यालयों को सशक्त व सक्षम बनाया है, वहीं दूसरी ओर निगम के विभिन्न विभागों के अपने अधिकार संबंधित विभागों के प्रभारी अधिकारियों को प्रत्यायोजित किया है, इससे कार्यप्रक्रिया सरलीकृत हुई तथा विभागों के कार्ये में तेजी आई है, वहीं जनसमस्याओं के त्वरित निदान का मार्ग प्रशस्त हुआ, लोगों को जल्दी समाधन मिला व उनकी मुश्किलें आसान हुई हैं। निगम कार्यालय में फाईलों की दौड़ अब कम हुई है तथा विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में तेजी आई है।

#### सुबह 7 बजे से फील्ड में आते हैं नजर

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट कार्यशैली का ही परिणाम है कि निगम के जोन कमिश्नर्स व प्रभारी अधिकारी अपनी-अपनी टीम के साथ प्रातः 7 बजे से ही फील्ड में नजर आते हैं, एक ओर जहाँ आयुक्त श्री पाण्डेय स्वयं प्रातः 7 बजे से शहर के गली-कूचों एवं वार्ड व बस्तियों में भ्रमण पर निकल रहे हैं, पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने अपने भ्रमण में प्रायः ई-वाहन स्कूटी का उपयोग कर रहे हैं, कच्चे कोयले को जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों से लोगों को संचेत कर रहे हैं। लोगों से रूबरू हो रहे हैं, उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण कर रहे हैं, साफ-सफाई कार्यो का कड़ाई से पर्यविक्षण हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर निगम के जोन कमिश्नर्स अपनी-अपनी टीम के साथ वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर वहॉ की व्यवस्थाओं में सुधार लाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# निगम अधिकारी ठेकेदार को बना रहे बलि का बकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता कमांडो के नाम पर मजदूर उपलब्ध कराने का ठेका लेने वाले ठेकेदार को निगम के अधिकारी बलि का बकरा बना रहे हैं। नगर निगम इन स्वच्छता कमांडो का उपयोग अपने हिसाब से करते हैं। जब गौठान में बछड़े की मौत और चारा-पानी का कोटना खाली होने, मवेशियों की खराब दशा का मामला सामने आया तो अपनी कोई भी जिम्मेदारी न मानते हुए नगर निगम के गौठान प्रभारी ने अपने और और दो सुपरवायजरों के बचाव में ठीकरा रसीद पर फोड़ दिया। नगर निगम के कर्मचारी, जिनका काम पशुओं को चारा-दाना-पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाना है, वे अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं जबकि हर महीने 60-70 हजार का चारा लिया जाता था, तो कोटना खाली व साफ कैसे थे? खरमोरा गौठान में हुई गाय की मृत्यु के मामले में वास्तविक दोषी अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग परवेज रसीद ने की है। परवेज ने सिविल लाइन थाना रामपुर में की गई लिखित शिकायत में कहा है कि 13 अगस्त को खरमोरा स्थित नगर पालिक निगम के गौठान में एक बछड़े की मृत्यु हो गई थी। इस घटना को लेकर निगम अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह द्वारा मेरे विरुद्ध यह असत्य आरोप लगाया गया कि मुझे गौठान का ठेका दिया गया था और नियुक्त कर्मियों की लापरवाही के कारण उक्त मृत्यु हुई है। जबकि तथ्य यह है कि मुझे केवल सफाई कार्य हेतु लेबर सप्लाई का ठेका दिया गया है, जिसमें कहीं भी गौठान अथवा पशुओं की देखभाल का उल्लेख नहीं है। मेरा कार्य केवल सफाई कार्य हेतु श्रमिक उपलब्ध कराना है, न कि पशुओं की देखरेख करना। निगम द्वारा स्वयं गौठान में दो-दो इंचार्ज कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे पशुओं के चारा-पानी, स्वास्थ्य और देखभाल की समुचित व्यवस्था करें।

**खास बात**
- खरमोरा स्थित गौठान का मामला

# आर्ट एंड क्राफ्ट और खेल शिक्षा भी पाठ्यक्रम में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूली शिक्षा की बुनियाद को मजबूती देने के लिए शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और छठवीं के पाठ्यक्रमों को बदला गया है। सभी कक्षाओं के छात्रों को नई किताबें दी जा रही हैं। बार कोड्स स्कैन करने और एप्प वाली बाध्यता के बाद किताबें आने में देर जरूर हुई हैं। अब सारी किताबें लगभग पहुंच चुकी हैं। प्रायमरी और मिडिल स्कूलों की शुरुआती कक्षाओं में लगभग पूरे पाठ्यक्रम को बदल दिया गया है। छठवीं कक्षा में अब 6 की जगह कुल 9 विषय होंगे। पूरा फोकस छात्रों के सर्वांगीण विकास पर होगा। आर्ट एंड क्राफ्ट और खेल की शिक्षा को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है.राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों को देखने के बाद इसमें छत्तीसगढ़ के संदर्भ में आवश्यक संशोधन और अनुकूलन किया है। शिक्षा सत्र शुरू होने के डेढ़ माह बाद भी स्कूलों में छात्रों तक पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित किताबें नहीं पहुंच पाई थीं।इसका प्रमुख कारण कुछ कक्षाओं के पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ-साथ किताबों में अंकित क्यूआर कोड स्कैन करने में लेटलतीफी रही। पाठ्यक्रमों में संशोधन की जिम्मेदारी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की थी। विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपरा और पर्व जोड़े गए एनसीईआरटी की 5वीं कक्षा की हिंदी भाषा की किताब वीणा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), गगनयान, गंगा नदी, राजा विक्रमादित्य से लेकर राजा भोज तक की कहानियां शामिल हैं। इसमें पहली बार छात्रों को विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों, परंपराओं और पर्वों को भी जोड़ा गया। छत्तीसगढ़ में 5वीं कक्षा की किताब में यहां की विभिन्न संस्कृतियों और पर्वों को शामिल किया जाएगा।

#### छठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कुल 9 विषय

मिडिल स्कूल की पढ़ाई छठवी क्लास से शुरू होती है। फिलहाल छठवीं क्लास में अब गणित की जगह गणित प्रकाश, हिंदी की जगह मल्हार, संस्कृत की जगह दीपकम, इंग्लिश के जगह पूर्वी, विज्ञान की जगह जिज्ञासा की पढ़ाई होगी। इसी तरह सामाजिक विज्ञान की जगह समाज का अध्ययन भारत और उसके आगे का अध्ययन छात्र करेंगे। तीन और विषय अलग से जोड़े गए हैं. जिनमे कौशल बोध, कृति और खेल यात्रा शामिल हैं। कौशल बोध में व्यवसायिक ज्ञान बच्चा को दिया जाएगा। जिसमें साइकिल रिपेयर से लेकर अलग-अलग टूल्स को पहचानना और छोटे मोटे कार्यों को करवाया जाएगा। कृति में ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत थिएटर की भी शिक्षा बच्चे प्राप्त करेंगे। इसी तरह खेल यात्रा में अलग-अलग खेलों के विषय में बताया गया है। शारीरिक व्यायाम और योग को भी शामिल किया गया।

# चालकों को न्यूनतम वेतन से कम का हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जय अम्बे कंपनी रोडलाइंस जो एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अधीन ठेका कंपनी के रूप में कार्यरत है जिनके खिलाफ चालकों ने आरोप लगाए हैं। चालकों का कहना है कि कंपनी द्वारा उन्हें निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जा रहा है, हाईपावर कमेटी रेट नहीं दिया जा रहा और हाल ही में सभी ड्राइवरों को एक सप्ताह के लिए कार्य से निलंबित कर दिया गया है। इस अन्याय के विरोध में ड्राइवरों ने एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही चेतावनी दी है कि 28 अगस्त को दीपका खदान में कार्य बाधित कर एसईसीएल कार्यालय का घेराव करेंगे। ड्राइवरों ने बताया कि जय अम्बे कंपनी रोडलाइंस के अधिकारी कर्मचारी उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और उन्हें अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इस घटना की शिकायत पहले ही दीपका थाना और एसईसीएल प्रबंधन को की जा चुकी है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ड्राइवरों का कहना है कि कार्य निलंबन और कम वेतन ने उनकी आजीविका पर गंभीर संकट पैदा कर दिया है। इस मामले में ड्राइवरों का समर्थन करने के लिए उमा गोपाल मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने कंपनी को मजदूरों के साथ गुंडागर्दी बंद करने और सम्मानजनक व्यवहार करने की सख्त हिदायत दी थी। ड्राइवरों ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि सभी ड्राइवरों को निर्धारित न्यूनतम वेतन और एचपीसी रेट का तत्काल भुगतान किया जाए, एक सप्ताह के कार्य निलंबन को तुरंत रद्द कर ड्राइवरों को काम पर वापस लिया जाए, गाली-गलौज और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित किया जाए। चेतावनी दी है कि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे 28 अगस्त को दीपका खदान में कार्य बाधित कर कार्यालय का घेराव करेंगे।

**खास बात**
- जय अम्बे कंपनी रोडलाइंस पर चालकों ने लगाया आरोप

# राजयोगिनी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वधान में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क, गेरवाघाट में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीएचएमओ डॉ.एस.एन. केसरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण अधिकारी परमेन्द्र पाण्डेय, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी सहित अन्य सामाजिक संस्थाओ के प्रमुख भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अथिति डॉ. केसरी ने कहा की रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है और इस अभियान द्वारा समाज में निःस्वार्थ सेवा की भावना को बढ़ावा मिल रहा है। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि आज यहां उपस्थित होकर मुझे बहुत हर्ष हो रहा है उन्होंने कहा की रक्तदान वास्तव में एक महान सेवा है, क्योंकी इसका सीधा सम्बन्ध जीवन बचने से है। कार्यक्रम को अशोक चावलानी ने भी संबोधित किया।

समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर लगभग सौ लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। अंत में रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम द्वारा संस्था की सेवाकेंद्र की संचालिका बीके रुक्मणि एवं बीके बिंदु को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# रामजानकी मंदिर में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामजानकी मंदिर में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा मेला का निरीक्षण किया गया एवं मेला में चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ली। जिला आयुष अधिकारी डॉ उदय शर्मा द्वारा मेला के संपूर्ण जानकारी दी। मेला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के पाश्चात्य किया गया। स्वागत भाषण डॉ उदय शर्मा द्वारा किया गया, क्षत्रिय राजपूत समाज के अध्यक्ष राणा अवधेश सिंह के द्वारा किया गया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन मुख्य मुख्य रुप से उपस्थित रहे। मेला में सभी प्रकार की औषधि निःशुल्क प्रदान किया गया 50 प्रकार की औषधीय पौधे की प्रदर्शनी लगाई गई। मेला में नेत्र रोग के लिए डॉ जेके दानी द्वारा 55 रोगियों का परीक्षण कर सफल चिकित्सा किया गया। 30 आयुष चिकित्सक द्वारा सभी रोगियों की सफलता पूर्वक जांच किया। मेला में 1235 रोगियों की सफलतापूर्वक ईलाज किया गया।


आयुष चिकित्सकों से जानकारी लेते कलेक्टर।

# जिले की व्हालीबाल खो-खो की टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

25वीं संभाग क्रीडा प्रतियोगिता शक्ति के लिए वॉलीबॉल 17 वर्ष बालक बालिका खो-खो 17 एवं 19 वर्ष बालक बालिका की टीम कोरबा जिले के प्रमुख प्रबंधक केआर टंडन के नेतृत्व में कोच मैनेजर के साथ 80 प्रतिभागी खिलाडियों के साथ सक्ति के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू खेल एवं युवक कल्याण विभाग राजेश पांडे सहायक प्रबंधक एवं कृष्ण गढ़वाल, देवेंद्र सिंह राजपूत, पवन कंवर, देवेंद्र महतो, सनत कालेलकर, सुमित सिंह, विवेकानंद गोपाल, श्रीमती सावित्री जायसवाल और कुमारी ममता, पीयूष पांडे, सुश्री असलेखा सिंह, दिनेश, गिरधर, प्रणत पाल जगत शामिल रहे।

# साठ साल पुराने स्कूल में शिक्षा की जलेगी ज्योति, शिक्षक की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पाली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम परसदा के प्राथमिक शाला की पहचान बहुत पुरानी है। वर्ष 1964 से संचालित इस गांव के स्कूल में पढ़ाई कर बहुत से विद्यार्थियों ने अपना बेहतर भविष्य बनाया। समय के साथ विद्यालय के जर्जर भवन को संवारकर ठीक किया गया। विद्यालय में वर्षो से शिक्षक के पद खाली थे। जिससे यहां पढ़ाई करने वाले 46 विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस सत्र में राज्य शासन द्वारा की गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से विद्यालय को नियमित शिक्षक मिल गया है। यहाँ शिक्षक के रूप में रूपेश कश्यप की नियुक्ति हुई है। कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराते हुए शिक्षक रूपेश कश्यप ने बताया कि वे युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के बाद इस विद्यालय में पदस्थ हुए हैं और खुश भी है। उन्होंने बताया कि हमारे गाँव का यह विद्यालय बहुत पुराना है और यहाँ से पढ़ाई कर बहुत से लोग शिक्षित हुए। विद्यालय में प्रधान पाठक की जिम्मेदारी जीडी बंजारे सम्हाल रहे हैं। विद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों अभिषेक राजपूत, नीतेश और अनुराग राजपूत सहित छात्रा हिना, अनामिका, आदिति, दीपल सभी खुश है। इसी तरह ग्राम परसदा के लाइनपारा में 34 विद्यार्थी दर्ज है। यहाँ शिक्षिका श्रीमती नेमी जायसवाल युक्ति युक्तकरण से पदस्थ हुई है। एकल शिक्षकीय इस विद्यालय में पढ़ने वाली मानसी और पायल तथा पुनिशा ने बताया कि मैडम के आने के बाद नियमित कक्षा लगती है।

### नए संयंत्र स्थापना को लेकर एचटीपीएस संयंत्र प्रबंधन की कवायद

# विद्युत कंपनी में मेन पॉवर बढ़ाने व्यवस्था की जा रही दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस में 2 गुणा 660 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के कार्य ने अब तेजी पकड़ ली है। आने वाले समय मे प्रबंधन मेन पावर की कमी दूर करने के साथ ही उनके रहने के लिए मकानों की व्यवस्था पर भी जोर दे रही है।



वर्तमान में निवास कर रहे कर्मचारियों के मकानों को भी बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं नए संयंत्र की स्थापना से आने वाले समय में कर्मियों की संख्या में बढोतरी तय है। एचटीपीपी में बनने जा रहे नए प्लांट के लिए कर्मचारियों की भर्ती होगी। उनके लिए भी आने वाले समय में मकानों की जरूरत पडेगी। एचटीपीपी के नए प्लांट के लिए कंपनी में विभिन्न श्रेणी की 140 पदों पर भर्ती होनी है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के संचालक मंडल की 139वीं बैठक में इस पर निर्णय लिया गया था। दो चरणों में भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाना है। पहले चरण में एसीई के 2, एसई के 3, ईई के 6 एकाउंट आफिसर के 1 एई के 9, एकाउंटेंट व वेलफेयर आफिसर व पर्सनल असिस्टेंट के 11, जेई के 6 पद सृजित किए जाएंगे। वहीं इसके बाद अगले चरण में अन्य पदों पर कर्मचारियों की भर्ती होगी। इसे देखते हुए भी प्रबंधन की ओर से अधिकारी व कर्मचारियों के लिए आवसीय व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी प्रबंधन ने एचटीपीपी कॉलोनी मंर पुराने मकानों के मरम्मत व रखरखाव के लिए योजना बनाई है। पहले फेस में मकानों के आंतरिक रखरखाव कार्य के लिए लगभग तीन करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे। बिजली कंपनी प्रबंधन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी प्रबंधन की ओर से एचटीपीएस कॉलोनी में ओल्ड सी टाइप स्टाफ क्वार्टर का आंतरिक नवीनीकरण कार्य कराया जाएगा। बिजली उत्पादन कंपनी के सिविल विभाग की ओर से इसके लिए उच्च स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके तहत एचटीपीएस कॉलोनी में ओल्ड सी टाइप स्टाफ कवार्टर्स के मेंटनेंस कार्य कराने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि पहले फेस में एबी टाइप जोन के अंतर्गत सी टाइप के लगभग 80 मकानों का इंटरनल रिनोवेशन याने आंतरिक रखरखाव का का कार्य कराया जाएगा। इस कार्य को लगभग दस माह में पूरा किया जाएगा। बिजली उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र में काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारी बडी संख्या में सेवानिवृत्त हुए है।

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझें, तो संबंध मधुर बनेंगे : पं. विजय शंकर



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पिछले वर्ष के आवेदनों से ही होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


बीते दो वर्ष से शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती का रास्ता खुल गया है। दो वर्ष पूर्व मंगाये गये 4 हजार आवेदनों में से ही भर्ती किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए दावा आपत्ति भी मंगाई जा रही है और जल्द ही आत्मानंद स्कूलों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक के साथ सहायक शिक्षक व अन्य स्टॉफ मिल सकेंगे।

जिले में 15 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का संचालन हो रहा है। वर्ष 2022 में भर्ती की प्रक्रिया शुरु की गई थी जिसके लिए शिक्षित बेरोजगारों से आवेदन मंगाये गये थे। 4 हजार आवेदन विभाग को मिले थे किंतु विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव की वजह से भर्ती प्रक्रिया पर ब्रेक लग गया था। तब से लेकर 2025 जुलाई तक स्कूल को विषय विशेषज्ञ शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा था। शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे स्कूल प्रबंधन ने भी इस समस्या से शिक्षा विभाग को अवगत कराया था किंतु किसी न किसी तकनीकी कारणों से भर्ती प्रक्रिया लटकती रही। अब जाकर जिला प्रशासन ने शासन से मिले मार्गदर्शन के बाद भर्ती की प्रक्रिया शुरु की है। इसके लिए नये सिरे से आवेदन नहीं मंगाये जा रहे हैं। पुराने आवेदनों से ही भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएग।

### विभाग ने अभ्यर्थियों से मंगाई दावा आपत्ति

**खास बात**

- चार हजार आवेदन हुए थे विभाग को प्राप्त




**मंगा रहे दावा आपत्ति**

आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती पुराने आवेदनों से ही होगी, इसके लिए दावा आपत्ति मंगायी जा रही है। चार हजार आवेदन विभाग को मिले थे उनसे ही चयन की प्रक्रिया की जाएगी।

**टीपी उपाध्याय,**
डीईओ

### 120 पदों पर होगी भर्ती

जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 120 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था जिसमें सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता तथा अन्य कार्यालयीन स्टॉफ शामिल थे। जिनके लिए पूर्व में की गई भर्ती के तहत सभी पद भरे गए थे, किंतु बाद में व्यक्तिगत कारणों या अन्य संस्थानों में नियुक्ति हो जाने के कारण अधिकांश शिक्षक व कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा कार्य छोड़कर चले जाने से स्कूलों में शिक्षकों का संकट खड़ा हो गया था।

### डेयरी उत्पादन योजना पशु विभाग में है संचालित

## छोटी डेयरी स्थापना के लिए विभाग नहीं कर सका ग्रामीणों को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों को छोटी छोटी डेयरी स्थापित कर उन्हें दूध व्यवसाय से जोड़ने वाली डेयरी उत्पादन योजना का लाभ जिले के ग्रामीण अंचलों के किसानों को नहीं मिल सका है। विभाग का मैदानी अमला प्रचार प्रसार के दौरान जागरुक नहीं कर सका और न ही उन तक इस महत्वकांक्षी योजना की जानकारी पहुंच सकी है, परिणाम स्वरुप छोटी डेयरी किसी भी ब्लॉक में स्थापित नहीं हो सकी।

**खास बात**

- दूध उत्पादन करने वाले किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन

जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने और किसानों को इससे जोड़ने के लिए पूर्व में एक बड़ी योजना आयी थी जिसमें किसानों को 10 लाख तक लोन दिया जाता था। ताकि बड़ी डेयरी शुरु हो सके और इसके लिए 12 गाय भी किसानों को दी गई थी। कोरबा ब्लॉक के ग्राम चिर्रा में इसी तरह की डेयरी तैयार की गई थी। वहीं ग्राम खुंटामुंडा में भी योजना के संचालन के लिए शेड भी बनाए गए थे किंतु ये बड़ी योजना सफल नहीं हो सकी। उक्त योजना को बंद कर उसकी जगह छोटी छोटी डेयरी की स्थापना के लिए तैयारी की गई और कम खर्च में ग्रामीण किसान इस योजना से जुड़ सके। इसके लिए प्रत्येक किसानों को दो दो गाय लोन के द्वारा दिए जाने की कार्ययोजना मैदानी स्तर पर शुरु की गई। कम लागत में शुरु होने वाले दूध व्यवसाय के लिए जिस तरह से विभाग के मैदानी अमले को प्रचार प्रसार करना था वैसा नहीं हो सका और कहीं भी छोटी छोटी डेयरी स्थापित नहीं हो सकी।



### समितियों के गठन तक सीमित रहा काम

दूध उत्पादन को बढ़ाने और ग्रामीणों को इससे जोड़ने के लिए जिले में सहकारिता विभाग और पशुधन विकास विभाग के द्वारा पांच सहकारी समितियों का गठन किया गया था। ताकि इन समितियों के माध्यम से लोन दिलाकर दूध व्यवसाय से जोड़ा जा सके। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में होने वाले दूध की खरीदी भी समिति के द्वारा की जा रही थी। जिसे सहकारी कंपनियों को बेचा जाएगा। ताकि दूध व्यवसाय से जुड़े किसानों को आर्थिक लाभ मिल सके। किंतु समितियों के गठन के बाद आगे की कार्यवाही दोनों विभाग के द्वारा नहीं किए जाने से कागजों में ही समिति तैयार हो गई और 10 माह हो गए समितियों को गठित हुए अब तक किसान से दूध खरीदने का काम शुरु नहीं हो सका।

### होना था किसानों का पंजीयन

किसानों के पंजीयन को लेकर भी पशु चिकित्सा व सहकारिता विभाग के द्वारा किया जाना था। ग्रामीण अंचलों में पंजीयन का काम नहीं हो सका। विभाग के पास कितने मवेशी पालकों के द्वारा दूध का उत्पादन किया जाता है, इसकी जानकारी रिकार्ड में है, किंतु पंजीयन जैसे काम नहीं हो सके हैं। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में भी दूध उत्पादन से जुड़े दूध व्यवसायियों का पंजीयन ही हुआ है। उसकी भी संख्या नगण्य हैं।

## माझापारा में हाथियों ने फसल की चौपट




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। पसान रेंज के जल्के सर्किल में सक्रिय 10 हाथियों का झुण्ड अब केंदई रेंज अंतर्गत सिरमिना सर्किल के दर्रीपारा गांव पहुंच गया है। हाथियों के झुण्ड को सोमवार की सुबह यहां के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। दर्रीपारा पहुंचने से पहले पसान रेंज के मांझापारा में जमकर उत्पात मचाया और यहां ग्रामीणों के खेतों में लगे धान व मकई के फसल को रौंदकर मटियामेट कर दिया। हाथियों का झुण्ड यहां तडक़े 3 बजे तक उत्पात मचाता रहा और सुबह होने से पहले खेतों से निकलकर जंगल पहुंचा। जंगल होते हुए केंदई रेंज की सीमा में प्रवेश करने के साथ दर्रीपारा में डेरा डाल दिया। हाथियों के साल्हीपहाड़ की ओर आगे बढऩे तथा वहां पहले से मौजूद 44 हाथियों के झुण्ड में शामिल होने की संभावना है। तीन दिनों पूर्व साल्हीपहाड़ में एक साथ विचरण कर रहे थे जिसमें से 10 हाथियों का झुंड अलग होकर पसान रेंज पहुंच गया था और वहां लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था जिससे ग्रामीण परेशान थे। बड़ी संख्या में हाथियों के सिरमिना सर्किल में विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हालांकि वन विभाग की टीम इन पर लगातार निगरानी रखी हुई है।

## कोल ठेका श्रमिकों को भी मिलेगा आवास, बच्चों को डीएवी जैसे स्कूलों में फीस पर मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया निदेशक मंडल ने अनुषंगिक कंपनियों में काम कर रहे ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए है। इसके तहत बीमा और आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा ठेका कर्मियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व भारतीय डाक दुर्घटना बीमा से जोड़ा जाएगा, जिन कंपनियों में ठेका कर्मियों को आवास सुविधा नहीं मिल रही है वहां ठेकेदार के माध्यम से आवास सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया है, श्रमिक शिविरों के निर्माण के लिए आवश्यकतानुसार स्थान उपलब्ध कराने कहा गया है, तीन साल से अधिक समय से रखे गये ठेका मजदूरों को कंपनी का आवास खाली होने पर कंपनी द्वारा तय जमानत जमा व न्यूनतम किराया पर दिया जा सकता है, ठेका श्रमिकों के बच्चों को कंपनी द्वारा वित्त पोषित स्कूलों में नियमित कर्मचारियों की तरह ही रियायती ट्यूशन फीस लगेगी, आईटीआई, एनआईटी, सरकारी मेडिकल, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश पाने वाले ठेका कर्मियों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 50 फीसदी सहायता दी जायेगी, ठेका श्रमिकों की पत्नी और 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों को अनुबंध अवधि तक कंपनी के अस्पतालों में ओपीडी चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी, ठेका श्रमिकों को जुआ खेलने, शराब पीने, अंधाधुंध उधार लेने आदि आदतों के दुष्परिणामों के बारे में समय समय पर जागरूक किया जाएगा, ठेका श्रमिकों की पत्नियों के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने का प्रयास सीएसआर के तहत किया जाएगा।

**खास बातें**

- ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा को लेकर जारी हुआ निर्देश
- ठेका श्रमिकों को जुआ खेलने, शराब पीने, अंधाधुंध उधार लेने की आदतों में सुधार लाने किया जाएगा जागरुक

## शराब दुकानों में पूर्णतः कैशलेश व्यवस्था शुरू करने आबकारी मंत्री देवांगन ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आबकारी विभाग के काम-काज की समीक्षा की। बैठक में मंदिरा दुकानों की व्यवस्था सहित लायसेंस व्यवस्था, मार्केटिंग कार्पोरेशन, विभागीय संरचना प्रदेश में बार-क्लब की जानकारी, मंदिरा की गुणवत्ता सहित आबकारी राजस्व के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

**खास बात**

- आबकारी मंत्री ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा



अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री देवांगन।

वाणिज्य कर आबकारी विभाग की सचिव श्रीमती आर.शंगीता ने विभागीय गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण के जरिए विस्तार से जानकारी दी। बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन सहित आबकारी विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। केबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने होटल एवं ढाबों, फॉर्म हाउस में मंदिरा की अवैध बिक्री, सेवन न हो इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके आलावा उन्होंने मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप मदिरा दुकानों में सीसी टीवी कैमरा स्थापित कर मुख्यालय से 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए। मदिरा दुकानों में 100 फीसदी कैशलैस सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आबकारी मंत्री श्री देवांगन ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा एवं राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने और विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

## व्यापारियों के अनोखे प्रदर्शन के बाद जागा प्रशासन, शुरु किया मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जर्जर सड़क के मरम्मत कार्य की मांग को लेकर व्यापारी संघ के नेतृत्व में किए गए अनोखे प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने समस्याओं के निराकरण की पहल शुरु कर दी है। सोमवार को निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे और गड्ढे में तब्दील सड़क का मरम्मत कार्य शुरु कराया जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

एक दिन पूर्व ही व्यापारी संघ द्वारा सड़क में बने गड्ढों में जमा पानी से स्नान कर विरोध प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। जानकारी होने पर सोमवार को निगम के अधिकारी और क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान करने पहल की। ज्ञात हो कि कुसमुंडा क्षेत्र के लोग बीते एक दशक से सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं यहां फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य हुआ है लेकिन इमलीछापर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का काम बंद होने की वजह से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विकासनगर कुसमुंडा फोरलेन में से एक स्थान पर तो लगभग 100 मीटर तक का जल प्रभाव की स्थिति बनी हुई है। व्यापारियों के साइड वाली सड़क से डामर पूरी तरह से उखड़ गई है। इसके अलावा सर्विस रोड लंबी दूरी तक बेहद खराब हो चुकी है यह सड़क पर पानी जम रहा है इस सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे दिखाई पड़ते हैं। इमलीछापर चौक चर्च परिसर के पास व्यापारी दुकानों के सामने तक तालाब की तरह स्थिति बनी हुई है। जिसे देखते हुए सोमवार को निगम के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में जो समस्या है उसे समस्या को ठीक करने के लिए क्षेत्र में उपस्थित होकर समस्या का निराकरण किया जा रहा है जिसमें व्यापारी संघ द्वारा किए गए विरोध पर निगम की जेसीबी मशीन और आला अधिकारियों की उपस्थिति पर जमे हुए पानी की निकासी का काम जारी किया गया।



सड़क की मरम्मत कार्य में लगी मशीन।

### खबर संक्षेप

#### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए संतोष का हुआ चयन



**कोरबा।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए देशभर के 45 शिक्षकों में से उनका भी चयन किया गया है। इनमें जिले के कटघोरा ब्लाक के ग्राम सलोरा में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं। इन शिक्षकों को 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 50 हजार रुपए नगद के साथ रजत पदक प्रदान किया जाएगा। इन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के उपयोग के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के बेहतर संचालन तथा विषय में विशेषज्ञता के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

#### पटाखा लायसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन 1 से

**कोरबा।** दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु इच्छुक आवेदकों से 1 से 12 सितंबर तक आवेदन एलएसडीए माडुल (ऑनलाइन) के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन पश्चात ऑनलाइन की पावती सहित आवेदक को आवेदन के साथ साईट मैप, जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फोटो दो नग एवं फोटो युक्त परिचय पत्र सहित दस्तावेज 2 प्रतियों में कलेक्टर कार्यालय के लायसेंस शाखा में जमा कराना अनिवार्य है। इस हेतु रूपये 6सौ का चालान 0070-अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60-अन्य प्राप्तियां, 103-विस्फोटक पदार्थों के लिये शीर्ष में जमा किया जाना है। चालान की प्रति आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है। विलंब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

#### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 28 को

**कोरबा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास की बैठक सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

#### स्वास्थ्य केन्द्र को मिला मानक प्रमाण पत्र

**कोरबा।** गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए करतला विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली एवं कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एनक्यूएएस) प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली में 30 एवं 31 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली के 6 विभागों में दी रही सुविधाओं तथा उनके रखरखाव की गुणवत्ता का मानकों पर निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त मानदंडों पर 87.93 प्रतिशत अंकों के साथ संस्था द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप घोषित कर प्रमाण पत्र दिया गया तथा कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर में 15 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर के 7 अनिवार्य सेवा पेकेज में दी रही सुविधाओं तथा उनके रखरखाव की गुणवत्ता का मानकों पर वर्चुअल निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त मापदंडों पर 86.86 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### गणेश प्रतिमा बनाओं प्रतियोगिता में लावन्या रही अव्वल

**कोरबा।** गणेश चतुर्थी को लेकर समूचा अंचल बप्पा की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। उत्सव समितियां आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई हैं। दूसरी ओर बच्चों में भी गणेशोत्सव का उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में कांशीनगर स्थित ज्ञान अंजली विद्या मंदिर स्कूल में गणेश प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक बप्पा की प्रतिमा बनाई। निर्णायक दल द्वारा उत्कृष्ट प्रतिमाओं का चयन कर विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं की छात्रा लावन्या महंत प्रथम रही। द्वितीय स्थान पर शम्मी सारथी व तृतीय स्थान पर सौम्या सारथी रही। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों प्राची, समर सारथी, साहिल मंहत, मयंक चौहान व अंजू पैकरा ने भी गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की। तैयार की गई प्रतिमा को स्कूल में ही रखकर पूजा अर्चना की जाएगी। जिनका विधि विधान से पूजा अर्चना उपरांत विसर्जन किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को गणेश चतुर्थी के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रतियोगिता आयोजन में स्कूल संचालिका चंपा देवी चंद्रा, प्रभारी प्रधान पाठक गुंजन पांडेय, वरिष्ठ शिक्षिका तन्नू गुप्ता, शुभांशी धृतलहरे, मैथली चंद्रा, किरण कटकवार, रौशनी चंद्रा व अन्य का मार्गदर्शन रहा।

### अग्रसेन पब्लिक स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार जिले में सजग कोरबा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 अगस्त को अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोरबा में महिला सहायता एवं परिवार परामर्श केंद्र कोरबा तथा थाना यातायात कोरबा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों को गुड टच-बैड टच, ऑनलाइन शिकायत, पुलिस विभाग द्वारा जारी अभिव्यक्ति ऐप, बच्चों से संबंधित कानूनी जानकारी, मार्शल आर्ट्स एवं यातायात के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में श्री सियाराम बंजारे (शिक्षक) द्वारा भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार यादव, उपनिरीक्षक मनोज राठौर, म.प्र.आर. बेनेदिक्ता ग्लोरिया बेक, म.आर. अनुसुईया भानु, म.आर. बिंदेद्वरी साहू, म.आर. अंजु, सुचिता पन्ना, आर. ओमप्रकाश निर्मलकर एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

### पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने फिटनेस को अपनाने की साइकलिंग



**कोरबा।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत जिले में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिकों ने साइकिलिंग को लेकर गंभीरता दिखाई। स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर करने के लिए इस तरह की कोशिश को निरंतर गतिशील करने पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। प्रशासन के निर्देश पर इस तरह के कार्यक्रम जिले में संचालित किए जा रहे हैं। एक निश्चित पॉइंट से साइकिल रेस शुरू की गई और फिर इसका समापन किया गया। प्रतिस्पर्धा के बजाय इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करने सभी को मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश ठाकुर, डीएसपी ट्रैफिक डीके सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, ट्रैफिक निरीक्षक तेज सिंह यादव, निरीक्षक अभिनव कांत सिंह, प्रमोद डनसेना, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर के अलावा अन्य पुलिस कर्मचारी और यूथ रिंग की भागीदारी साइकिलिंग में शामिल हुई।

## जिले में गणेशोत्सव की रहेगी धूम, जगह जगह बन रहे भव्य आकर्षक पंडाल

# 50 से अधिक पूजा पंडाल हो रहे हैं तैयार, अब तक मात्र 12 समितियों ने विद्युत कनेक्शन के लिए दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश पूजा व उत्सव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सभी पूजा पंडालों में समितियों ने तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी है और तैयारी अंतिम दौर पर भी है लेकिन अब तक शहर में गणेश पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए मात्र एक दर्जन गणेश उत्सव समितियों ने विद्युत विभाग के कार्यालय में विधिवत आवेदन किया है। हालांकि विभाग के अधिकारियों ने सभी समितियां को तय समय के भीतर आवेदन लेने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव 27 तारीख से धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के सभी प्रमुख पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली है और कई समितियों ने तो अपने पूजा पंडाल को भी लगभग पूरी तरह से तैयार कर लिया है तो किसी समिति द्वारा पंडालों को अंतिम रूप देने तो किसी समिति द्वारा गणेश की प्रतिमा को लाने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है। मात्र 2 दिन ही शेष रह गया है लेकिन गणेश पूजा उत्सव समितियां द्वारा पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए रुचि नहीं दिखा रहे हैं। विद्युत वितरण विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के तीनों जोन में अब तक मात्र एक दर्जन पूजा समितियों ने विद्युत कनेक्शन लेने के लिए विधिवत आवेदन किया है। हालांकि विद्युत वितरण विभाग के डीई रोशन लाल वर्मा ने इसके लिए सभी जोन अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सभी समिति के पदाधिकारियों को तय समय के भीतर पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन विधिवत लेने के लिए फरमान जारी कर दिया है। यदि विद्युत विभाग का कनेक्शन पूजा समितियों के द्वारा नहीं लिया जाता है तो आने वाले दिनों में उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।




### तीनों जोन में 50 से अधिक समिति

शहर के प्रमुख पूजा पंडालों की बात करें तो शहर के तीनों जोन पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में प्रमुख पूजा समितियों में लगभग 50 से अधिक पूजा पंडाल समिति है जहां बड़े स्तर पर गणेश उत्सव का त्यौहार मनाया जाता है लेकिन लोग विद्युत कनेक्शन लेने में कोताही बरतते हैं और हूकिंग के माध्यम से ही विद्युत कनेक्शन लेते हैं और पूजा पंडालों को रोशन करते हैं। हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए उन्होंने विशेष तैयारी की है और सभी जोन अफसरों को कनेक्शन के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी दो दिनों के भीतर और भी विभिन्न पूजा समितियां द्वारा आवेदन किए जाने की बात कही जा रही है।

### गणेश उत्सव में 70 डेसीबल में ही बजेंगे साउंड सिस्टम

कोरबा एसडीएम सरोज महिलांगे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि की तरह गणेश उत्सव में भी साउंड सिस्टम व डीजे में पूर्व नियम लागू रहेगा। 70 डेसीबल पर ही डीजे बजाना होगा और इसके लिए उन्हें बकायदा अनुमति लेनी होगी। वहीं दूसरी ओर हाइ डेसीबल में डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ पुलिस एक्शन में आ चुकी है और कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सोमवार को कोतवाली थाना में डीजे संचालकों की बैठक लेकर उन्हें आदेश निर्देश और हाईकोर्ट के नियम का हवाला देकर उन्हें विस्तृत जानकारी दे दी गई है कि वे नियमों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सभी समितियों को किया गया निर्देशित

शहर के तीनों जोन में अब तक एक दर्जन समितियों ने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया है बाकि समितियों को भी विद्युत कनेक्शन लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

**-रोशन लाल वर्मा,** डीई विद्युत वितरण विभाग

### दो आरोपियों से 21 लीटर महुआ शराब जप्त



**कोरबा।** ग्राम केराझरिया में महिला समूह के द्वारा अवैध महुआ शराब बंदी के संकल्प पर कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त दीपका में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम केराझरिया थाना पाली में फूलसिंह द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने उसके मकान में दबिश दी गई जहाँ आरोपी के से कुल 8.2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। ग्राम केराझरिया में ही अजय कुमार द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने पश्चात आरोपी के बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 12.7 लीटर महुआ शराब एवं 40 किलो महुआ लाहन बरामद की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,ख,च),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पंचायत छुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सीएमओ के कार्य प्रणाली पर गंभीर आपत्ति जताते हुए उनके खिलाफ जांच की मांग की है।

**खास बातें**

- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की रखी मांग
- मामला नगर पंचायत छुरीकला का

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन ने कहा कि सीएमओ दीपांकन यादव द्वारा मनमानी कार्यशैली एवं ठेकेदारों से संलिप्ता के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में विकासकार्य बाधित हो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने आरोप लगाया है कि पादर्शिता एवं उत्तरदायित्व की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई महत्वपूर्ण कार्यों में पार्षदगणों की उपेक्षा की गई है तथा नागरिकों के समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है जिससे जनप्रतिनिधियों एवं शासन की छवि आमजन में धूमिल हो रही है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने उल्लेख करते हुए बताया है कि पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से 40 लाख की राशि से प्लास्टिक कुर्सी, वाटर कुलर सहित अन्य सामानों की खरीदी गई थी। पीआईसी द्वारा जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित अधिकारियों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए गुणवत्ताहीन सामग्री बाजार दर से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदी इस पर अध्यक्ष के द्वारा 29 अप्रैल को लिखित रुप से जांच करने एवं भुगतान रोकने के निर्देश देने के बावजूद सीमएओ ने भुगतान कर दिया। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह कार्य प्रणाली कदाचार की श्रेणी में आती है। साथ दीपांकन यादव का मूलपद राजस्व निरीक्षक है जिनके पास सीएमओ पद का अनुभव नहीं है, जिससे नगर पंचायत के कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन व पार्षदों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनके द्वारा उठाए गए इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि विकास कार्य संपन्न हो सके।



पदमिनी देवांगन

### एसडीएम के स्थगन आदेश के बाद निर्माण जारी, कार्रवाई की मांग

**डभरा।** शासकीय जमीन पर अवैध बेजा कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद हो गए है कि दो दो स्थगन आदेश और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही होने के बावजूद शासकीय आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है। विदित हो कि तहसील डभरा अंतर्गत खरसिया डभरा मुख्य सड़क पर स्थित ग्राम गोबरा में लाखों रुपए की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है जिसकी ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया था जिस पर तहसीलदार के द्वारा स्थगन आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया था उसके बावजूद अवैध निर्माण जारी था जिसका दोबारा शिकायत किए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया था तब कुछ दिनों के लिए अवैध निर्माण बंद कर दिया गया था। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) के पास शिकायत किया गया था। जिस पर एसडीएम 13 अगस्त को स्थगन आदेश जारी करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगा दिया गया था लेकिन इसके बाद भी स्थगन आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण लगातार जारी है।

# मानदेय शिक्षकों को वेतन देने की तैयारी बीईओ कार्यालय से जाएगा सीधे खाते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जुलाई महीने में भर्ती किये गये मानदेय शिक्षकों को वेतन देने की तैयारी शुरु हो गई है। इस बार सीधे बीईओ कार्यालय से शिक्षकों से खाते में मानदेय भेजा जाएगा। पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मानदेय की राशि जारी होती थी। जिसमें देरी होने की शिकायतें आने के कारण नई व्यवस्था इस वर्ष से लागू की गई है।

**खास बातें**

- पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी होता था मानदेय
- लेट लतीफी को लेकर बदली गई व्यवस्था

एकल शिक्षकीय और कम शिक्षक वाले स्कूलों में मानदेय शिक्षकों एवं भृत्य की भर्ती की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल के शिक्षित बेरोजगारों को मौका मिला था। जो कभी इस तरह के रोजगार के लिए भटका करते थे। मानदेय शिक्षकों की भर्ती के साथ ही भृत्यों की भर्ती भी की गई थी जिन्हें डीएमएफ से मानदेय दिया जा रहा है। सितंबर महीने में पहला वेतन उन्हें मिल जाएगा। ऐसे मानदेय शिक्षकों की संख्या लगभग 6 सौ है। इसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अधिकृत कर दिया गया है। डीईओ कार्यालय से मानदेय की राशि बीईओ कार्यालय में भेजी जाएगी और वहां से शिक्षकों के बैंक खाते में जारी कर दिया जाएगा। पूर्व में बीईओ कार्यालय से डीईओ कार्यालय जानकारी जाती थी जिसकी वजह से मानदेय मिलने में देरी का सामना शिक्षकों को करना पड़ता था। बीते वर्ष जिन मानदेय शिक्षकों की भर्ती की गई थी उन्हें अप्रैल और मई माह में मानदेय प्राप्त हुआ था।




फाइल फोटो

### अतिथि शिक्षकों का भी मानदेय जारी

दो वर्ष पूर्व राज्य शासन के द्वारा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के पद पर अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती की गई थी जिन्हें 20 हजार रुपए प्रतिमाह का मानदेय दिया जाता था। उन्हें भी बीते वर्ष अपने मानदेय के लिए कई बार चक्कर काटना पड़ता था। इस बार उनके भी मानदेय राशि जारी की गई है।

### नहीं मिलती थी समय पर बीईओ कार्यालय से रिपोर्ट

बीईओ कार्यालय से जब जब डीईओ कार्यालय से जानकारी मांगी जाती थी तो हमेशा समय पर डीईओ कार्यालय को जानकारी नहीं मिलती थी। परिणाम स्वरुप मानदेय को लेकर शिक्षक जिला मुख्यालय पहुंच जाते थे। पिछले वर्ष इसी तरह की समस्या का सामना शिक्षा विभाग को करना पड़ा था। कई बार बीईओ कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी शिक्षकों को डीईओ कार्यालय से आबंटन नहीं होने का हवाला देकर चलता कर दिया जाता था।

# अपराध छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटकर जिएं जिंदगी : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जेल से रिहा बंदियों, गुंडा व निगरानी बदमाशों की परेड करवाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि यदि वे दोबारा अपराध की राह पर लौटे तो उनके खिलाफ कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**खास बात**

- कटघोरा थाना प्रभारी ने ली बदमाशों की परेड

श्री तिवारी ने कहा कि समाज में अमन-चैन बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और अपराधियों को भी अब यह समझना होगा कि कानून से खिलवाड़ करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बदमाशों को समझाइश दी कि अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें और सम्मानजनक जीवन जिएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपराध की राह तात्कालिक लाभ दे सकती है लेकिन अंत में उसका परिणाम बर्बादी ही होता है। इसलिए सभी को अपने परिवार, बच्चों और समाज के भविष्य के बारे में सोचकर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी बंदियों और निगरानी बदमाशों से कहा कि वे दोबारा किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों और यदि ऐसा पाया गया तो उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने में देर नहीं की जाएगी।



थाने में निगरानी बदमाशों को निर्देश देते थाना प्रभारी।

## दांपत्य जीवन को सुखमय बनाना खुद के हाथ में

# गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझें, तो संबंध मधुर बनेंगे : पं. विजय शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने कपिल गीता, शिव-सती चरित्र और भरत चरित्र को जीवन प्रबंधन से जोड़कर विभिन्न प्रहसनों के माध्यम से श्रोतागणों को समृद्ध और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझे और घर में कलह को घूसने न दें।

गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझ कर यदि जीवन बीताएंगे तो कभी पति-पत्नी के बीच संबंध खराब नहीं होंगे। उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि पति-पत्नी के झगड़े का कोई समय नहीं होता। रात को भी जब पति-पत्नी लड़ते हैं और करवट बदल-बदल कर दोनों के बीच नोंक-झोंक होती है और सुबह कब होती है पता ही नहीं चलता। सुबह होते ही पति बोलता है आज रातभर दिमाग खराब हो गया-मसालेदार चाय लेकर आओ और दोनों साथ बैठकर चाय भी पीते हैं। उन्होंने कहा अपने दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाना खुद के हाथ में है। झूकना सीखिए और देखिए, परिवार कैसे खुशहाल बन जाएगा। पति-पत्नी के बीच संबंधों का सीधा असर संतान पर पड़ता है, कम से कम संतान के लिए संबंध मधूर रखिए। उन्होंने कहा कि जब भी रामकथा सुनिए, शिव की तरह सुनें और रम जाएं। रामकथा कान से सुनें और ऐसा सुनें कि नाभि में उतर जाए। उन्होंने कहा कि भरत राम के सबसे बड़े भक्त थे और आज के राजनेताओं को भरत से राजनीति सिखनी चाहिए। भरत जैसा आजतक कोई राजा नहीं हुआ, जिसके कारण ही हमारे देश का नाम भारतवर्ष पड़ा।



भागवत कथा में उपस्थित श्रोतागण।

### पं. विजय शंकर मेहता का प्रेसवार्ता

कथावाचक एवं जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता के हैं। वे मातनहेलिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन देने कोरबा प्रवास पर पहुंचे हैं और उन्होंने कथा स्थल जश्न रिसोर्ट में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों के पूछे सवालों का सटिक जवाब दिया और श्रीमद् भागवत कथा एवं जीवन प्रबंधन के संबंध में पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब दिया। एक प्रश्न के उत्तर में पं. श्री मेहता ने कहा कि हमारी जीवन शैली में चार चीजों का प्रभाव पड़ता है। 25 प्रतिशत माता के 25 प्रतिशत पिता के, 25 प्रतिशत हमारे प्रारब्ध के एवं 25 प्रतिशत हमारी अपनी कर्मशीलता का प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा आज हर स्तर पर नैतिक पतन हो रहा है, चाहे सिनेमा की बात करें या फिर राजनीति की। उन्होंने कहा कि वे दूसरी बार कोरबा प्रवास पर पहुंचे हैं। पहली बार वे एक हनुमान जी के कार्यक्रम में अल्प प्रवास पर आए थे। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के आभारी हैं, यहां उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी नाम कमाया और अब भगवत भक्ति में छत्तीसगढ़वासियों का अपार आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को काम के प्रति जब श्रद्धा हो तो खुशियां अपार मिलती हैं। मैंने 20 साल पत्रकारिता की और रायपुर भास्कर संस्करण का बतौर संपादक काम किया, तब भी खुश था और मैं अब हनुमान जी के भक्त के रूप में भी आनंदित हूं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

